# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009, कमांक 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

## GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (C.G.)

(A Central University established by the Central Universities Act., 2009 No. 25 of 2009)

Web Site – www ggu.ac.in, ph. No. 07752-260342, fax No. 07752-260148,154


कमॉक 494/अका. /2022 बिलासपुर, दिनॉक 28 OCT 2022

## कार्यालयीय ज्ञाप

प्रवेश सूचना कमॉक 631/प्रवेश/अकादमी/22, दिनॉक 31.03.2022 एवं प्रवेश प्रकिया को लेकर जारी अन्य सम कार्यालयीय ज्ञाप के संदर्भ में सीयूईटी स्नातक प्रवेश–2022 के लिए निम्नानुसार बिन्दुओं को पुनरीक्षित किया गया है:–

1. प्रवेश के दूसरे चरण के लिए शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 26–10–2022 के स्थान पर दिनॉक 31–10–2022 तक बढ़ा दी गई है।

2. सभी प्रवेशित अभ्यर्थियों को दिनॉक 07–11–2022 को भौतिक सत्यापन के लिए तैयार रहना है। विभागाध्यक्ष प्रथम व द्वितीय चरण में प्रवेशित अभ्यर्थियों को ई–मेल भेजकर दिनॉक 07–11–2022 को दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन के लिए बुला सकेंगे। संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष अपनी प्रवेश समिति के माध्यम से अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता/जाति/श्रेणी के पक्ष में प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे। साथ ही सत्यापन के समय स्थानांतरण प्रमाण पत्र/चरित्र प्रमाण पत्र/प्रवजन प्रमाण पत्र जमा कराऐंगे। विभागाध्यक्ष अभ्यर्थियों को ई–मेल प्रेषित कर उन्हें भौतिक सत्यापन प्रक्रिया एवं सत्यापन के दौरान लाये जाने वाले आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी प्रदान करेंगे।

3. विभाग/विभागाध्यक्ष, छात्रावास में रहने के लिए प्रवेशित अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र /अनुरोध पत्र भी प्राप्त करेंगे। इसके लिए प्रवेशित अभ्यर्थियों को दिनॉक 02–11–2022 को या इससे पहले ई–मेल प्रेषित करेंगे। विभागों द्वारा मुख्य छात्रावास अधीक्षक/प्रशासनिक अधीक्षकों के परामर्श से भौतिक सत्यापन के समय या इससे पहले चयनित (शार्ट लिस्ट किए गए) छात्रों को छात्रावास आबंटित करेंगे।

4. भौतिक सत्यापन के बाद विभाग स्नातक कक्षाओं की रिक्त सीटों की संख्या की घोषणा विश्वविद्यालय के बेबपटल पर करेंगे। ऐसी सभी रिक्त सीटों को विभाग द्वारा ऑफलाइन काउंसिलिंग प्रकिया के माध्यम से भरा जाएगा। अनारक्षित सीटों के लिए पात्र अभ्यर्थियों की ऑफलाइन काउंसिलिंग का आयोजन दिनॉक 10–11–2022 को आयोजित की जाएगी। अजा/अजजा/अन्य पिछड़ा वर्ग/ईडब्ल्यूएस/दिब्यांग श्रेणी के लिए आरक्षित सीटों के लिए ऑफलाइन काउंसिलिंग का आयोजन दिनॉक 11–11–2022 को आयोजित किया जाएगा।

सीयूईटी (CUET) में शामिल होने वाले और विश्वविद्यालय के पोर्टल में पंजीकृत अभ्यर्थी ऑफलाइन प्रवेश प्रकिया में भाग ले सकते हैं और उन्हें संबंधित विभाग में उक्त दिनों में सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक उपस्थित होना है। विभाग उक्त दिनों में अपरान्ह 12.15 बजे प्रवेश प्रकिया प्रारम्भ करेंगे और अभ्यर्थियों (निर्धारित समय में उपस्थित होने वाले) के दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे। दस्तावेजों एवं पात्रता मानदण्डों के सत्यापन के बाद सीयूईटी स्नातक में प्राप्त अंकों/प्रावीण्यता के आधार पर अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

5. ऑफलाइन काउंसिलिंग के लिए अभ्यर्थियों के एक सेट छायाप्रति के साथ निम्न मूल दस्तावेजों को प्रस्तुत करना होगा।

(अ) हाई स्कूल / कक्षा दसवीं की अंकसूची।

(ब) हायर सेकेण्डरी / कक्षा बारहवीं की अंकसूची।

(द) जाति प्रमाण पत्र, यदि प्रयोज्य। अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए नवीनतम आय प्रमाण पत्र यदि अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र दिनॉक 01–07–2021 या इससे पहले जारी किया गया है।

6. ऑफलाइन काउंसिलिंग के समय अभ्यर्थियों को प्रवेश / सेमेस्टर शुल्क का भुगतान करना होगा। अतएव उन्हें निर्देशित किया जाता है, कि शुल्क के ऑफलाइन भुगतान के लिए वे मोबाइल एवं एटीएम के साथ उपस्थित हों। विश्वविद्यालय द्वारा विभागों को उपलब्ध कराए गए क्यूआर कोड के माध्यम से विभागाध्यक्ष सेमेस्टर शुल्क प्राप्त करेंगे। किसी तरह की तकनीकी समस्या या गड़बड़ी की स्थिति में संबंधित विभागाध्यक्ष की अनुमति से एटीएम स्वाईप मशीन के माध्यम से शुल्क जमा कर सकेंगे। इन दोनों सुविधाओं में किसी प्रकार के अवरोध होने पर केवल संबंधित विभागाध्यक्ष के अनुमोदन पर ही शुल्क जमा करने के लिए एसबीआई कलेक्ट का उपयोग किया जा सकता है।

आफलाइन विधि से प्रवेशित अभ्यर्थियों को कक्षाऐं आरम्भ होने पर या इसके पहले स्थानान्तरण प्रमाण पत्र / स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

7. प्रथम वर्ष स्नातक छात्रों के लिए कक्षाऐं 15 नवम्बर, 2022 से प्रारम्भ होंगी।

आदेशानुसार,

28/10/22

कुलसचिव (कार्यवाहक)

पृ0क0 495 / अका. / 2022 बिलासपुर, दिनॉक 28 OCT 2022

प्रतिलिपि:–

1. कुलपति के सचिव को मान.कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. समन्वयक,सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ को सूचनार्थ एवं विश्वविद्यालय के वेबपटल में अपलोड करने हेतु।
3. परीक्षा नियंत्रक, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर की ओर सूचनार्थ ।
4. सभी अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष / अधिकारियों गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. मीडिया प्रभारी / जन सम्पर्क अधिकारी,गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
6. वित्ताधिकारी / सहायक कुलसचिव, वित्त गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार प्रकिया के तहत शुल्क जमा कराने हेतु।
7. कुलानुशासक / अधिष्ठाता,छात्र कल्याण,गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर की ओर सूचनार्थ
8. चिकित्सा अधिकारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
9. कैफेटेरिया प्रभारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
10. सुरक्षा अधिकारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
11. कार्यालय प्रति।

सहायक कुलसचिव (अका0)